डेफ ओलंपिक पदक विजेताओं को मिलेगी 7 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि

चर्चा में क्यों?

25 नवंबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने डेफ ओलंपिक, 2022 में पदक जीतने वाले राज्य के तीन खिलाड़ियों को कुल 7 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दिये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रस्ताव के अनुसार, डेफ ओलंपिक 2022 में डेफ बैडमिंटन में स्वर्ण पदक विजेता अभिनव शर्मा एवं गौरांशी शर्मा को 3-3 करोड़ रुपए दिये जाएंगे। इसके अलावा डेफ राइफल शूटिंग में काँस्य पदक विजेता वेदिका शर्मा को 1 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।
- विदित है की राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण, रजत एवं काँस्य पदक विजेताओं को क्रमश: तीन करोड़, दो करोड़ तथा एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी जाती है।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा राजस्थान क्रीड़ा सहायता अनुदान नियम-2022 में शिथिलन प्रदान करते हुए तीनों खिलाड़ियों को यह पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस स्वीकृति से खिलाड़ियों को आर्थिक संबल के साथ-साथ प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रेरणा मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/deaflympics-medal-winners-to-get-prize-money-of-rs-7-crore